आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24.04.2026 समय : 02.10pm

पंचायती राज दिवस

देश में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस स्थानीय स्वशासन की औपचारिक संरचना के रूप में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। यह 1992 के 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन का प्रतीक है, जो 1993 में लागू हुआ था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने ने कहा कि ग्राम स्वराज की परिकल्पना साकार करने में पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की सशक्त आधारभूत इकाई हैं। जो स्थानीय स्वशासन , जनभागीदारी, पारदर्शिता, डिजिटल सशक्तिकरण, महिलाओं की भागीदारी तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आज उत्तर क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन 2026 की शुरुआत हुई, जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। सम्मेलन में किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, बागवानी, दलहन और डिजिटल एग्रीकल्चर जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हो रही है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खरीफ और रबी सीजन की योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए अब क्षेत्रीय स्तर पर कॉन्फ्रेंस की जा रही हैं, ताकि हर राज्य अपनी जरूरत के हिसाब से कृषि रोडमैप तैयार कर सके।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

उन्होंने "फार्मर आईडी" को किसानों की पहचान बताते हुए कहा कि इससे उन्हें कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी।केंद्र और राज्य मिलकर आधुनिक तकनीक और नई योजनाओं को सीधे किसानों तक पहुंचाने पर जोर दे रहे हैं।

गेहूं खरीदी लक्ष्य- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी है कि केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के लिए गेहूं खरीदी के लक्ष्य में बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।विपणन वर्ष 2026-27 के लिए अब गेहूं खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फैसले से किसानों से अधिक मात्रा में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी सुनिश्चित हो सकेगी।सरकार का मानना है कि इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी।

आईएसएसएफ- जूनियर निशानेबाजी विश्व कप

मिस्र के काहिरा में चल रहे आई.एस.एस.एस- जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में भारत दो स्वर्ण पदकों सहित कुल नौ पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है।प्राची गायकवाड़ ने कल जूनियर महिला 50 मीटर राइफल स्पर्धा के फाइनल में 354.6 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले शिवा नरवाल ने मंगलवार को प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा भारत के खाते में चार रजत और तीन कांस्य पदक भी हैं, जिससे साथ टीम फिर से पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है।

मौसम

राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं ने राज्य में गर्मी का असर और बढ़ा दिया है, नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा जहां तापमान 43.8 डिग्री तक पहुंच गया। आज प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, रत लाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर शामिल हैं।भीषण गर्मी को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है।मौसम विभाग के मुताबिक महीने के आखिर में हल्की राहत मिल सकती है, 27 अप्रैल के आसपास कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- कटनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिला,जनपद और ग्राम पंचायत तीनों स्तरों पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया
- जबलपुर और सिंगरौली जिले में में बढ़ती गर्मी के कारण जिला प्रशासन ने कक्षा 5वीं तक के स्कूलों के लिए आज से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया है वही कक्षा 6 से 12 तक के सभी स्कूलों का समय पहले की तरह 7.30 से 12.30 तक रहेगा
- शिवपुरी जिले के शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में कल युवा संगम का कार्यक्रम के तहत 147 आकांक्षी युवाओ को ऑफर लेटर प्रदान किये गये।
- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ग्राम कोज्या में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू हुए और समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए।